HGH INDIA 2018 SM
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
JULY 3-5, 2018 MUMBAI, INDIA

NEWS 4

A TEXZONE Event

Where business feels at home!

# टेक्सटाइल मिनिस्टर एचजीएच इंडिया २०१८ का उद्घाटन करेंगे

श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी, ऑनरेबल मिनिस्टर ऑफ टेक्सटाइल्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, ३ जुलाई, २०१८ को एचजीएच इंडिया के ७वें वार्षिक संस्करण का उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर ऑनरेबल मिनिस्टर का मुख्य अतिथि के रूप में होना हमारे लिए गर्व की बात है, विशेषतः जबकि होम टेक्सटाइल्स तथा मेड-अप्स सेक्टर्स, हैंडीक्राफ्ट्स, कारपेट वीविंग, हैंडलूम वीविंग व खादी की प्रगति और विकास के बारे में उनकी गहरी दिलचस्पी है। इन क्षेत्रों की प्रगति, विकास और निर्यात को बढ़ाने में उनकी भूमिका और योगदान सर्वविदित है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सरकार के टेक्सटाइल्स मिनिस्ट्री के कमिश्नर डॉ. कविता गुप्ता (आईएएस) तथा डेवेलपमेंट कमिश्नर श्री शान्तमनु (आईएएस) होंगे।

इसके अलावा, उद्योग जगत के गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न देशों के कन्सूलेट्स के वीआईपी, विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारीगण, एसोसिएशन और एक्सपोर्ट प्रमोशन कांउसिल प्रमुख, संस्थानों और व्यक्तिगत संगठनों के प्रमुख भी अपनी उपस्थिति से इस अवसर को गरिमा प्रदान करेंगे।



**श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी**
माननीया वस्त्र मंत्री भारत सरकार

प्रदर्शनकर्ताओं और आगंतुकों के साथ पूरी एचजीएच इंडिया टीम इस ट्रेड शो के ७वें संस्करण को अब तक के सबसे बड़े और यादगार शो बनाने के लिए पूरी तैयारी कर रही है, जिसमें ३० देशों के ६०० से ज्यादा निर्माताओं और ब्रांड्स द्वारा सैकड़ों नए उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। एचजीएच इंडिया २०१८ में २०१८-१९ के लिए डिजाइन और होम फैशन ट्रैंड्स का पूर्वावलोकन हॉल १ में #ट्रान्जिशन थीम के तहत किया जाएगा।

प्री-रजिस्ट्रेशन, जो २० जून, २०१८ को बंद हुआ, को मिले भारी प्रतिसाद से यह संकेत मिलता है कि इस वर्ष व्यापार आगन्तुकों की संख्या पिछले वर्ष के भारत के ४६२ शहरों के ३०,७०० से कहीं ज्यादा होने की संभावना है। एचजीएच इंडिया में बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय रुचि का अंदाजा भी अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक रजिस्ट्रेशन में हुई भारी बढ़ोतरी से लगाया जा सकता है।

# इंडियन हेरिटेज

## हैंडीक्राफ्ट्स ■ खादी ■ क्वायर ■ जूट

भारत में कलात्मक रूप से डिजाइन किये गए और हस्तनिर्मित उत्पादों की एक समृद्ध विरासत रही है जो सदियों से हस्तशिल्पियों, कारीगरों और बुनकरों द्वारा बनाई जाती रही है। इस कौशल और शिल्प का होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउस वेयर और गिफ्ट प्रोडक्ट्स में प्रयोग भारतीय घरों में संस्कृति और विरासत की अनूठी भावना ला सकता हैं।

एचजीएच इंडिया हैंडीक्राफ्ट्स, खादी, क्वायर और जूट प्रोडक्ट्स का विशेष प्रचार कर रहा है, ये सभी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के हिस्से हैं। यह कार्य विभिन्न सरकारी एजेंसियों और संस्थानों के माध्यम से विभिन्न एकल कंपनियों, थीम पविलियन, ट्रेंड्स पविलियन और विभिन्न राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पकारों और कलाकारों के सामूहिक भागीदारी में किया जा रहा है।



Indian heritage
HANDICRAFTS | KHADI | COIR | JUTE


एचजीएच इंडिया २०१८ में रिटेलर्स, इन्स्टीट्यूश्नल और गिफ्ट बॉयर्स नियमित रूप से सोर्सिंग करने के लिए इन अनूठे और विविध उत्पादों पर विचार करके भारी लाभ उठा सकते हैं। वे अपने स्टोर्स में रेगूलर रेंज के साथ एक विशिष्ट वैल्यू जोड़ सकते हैं।

वास्तुकला, इंटीरियर डिजाइन और फैशन जैसी कला के क्षेत्रों में प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान, रचना संसद के छात्रों द्वारा एक थीम पविलियन बनाया गया है जिसमें होम टेक्सटाइल्स और मेड-अप्स में खादी के उपयोग का प्रदर्शन होम टेक्सटाइल्स टू खादी-इण्डियाज प्राउड हैरीटेज फैब्रिक को नया आयाम प्रदान करेगा। इस थीम पविलियन को एचजीएच इंडिया द्वारा प्रायोजित किया गया है।

एचजीएच इंडिया २०१८ में भारत सरकार और विभिन्न राज्य

इनोवेशन ■ ट्रेंड्स ■ प्रोडक्ट्स ■ सोर्सेज ■ ऑपर्च्यूनिटीज

# होम टेक्सटाइल, होम डेकोर, हाऊसवेयर एण्ड गिफ्ट्स का अवलोकन प्रदान करता है





सरकारों के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न संस्थान और संगठन प्रदर्शन करेंगे।

भारत सरकार देश के सामाजिक और आर्थिक महत्व के हैंडीक्राफ्ट्स, कारपेट और हैंडलूम सेक्टर को दृढ़ता के साथ समर्थन प्रदान कर रही है। ये क्षेत्र न केवल अधिक मात्रा में रोजगार प्रदान करते हैं और कलाकारों, शिल्पकारों तथा महिलाओं को सशक्त बनाते हैं; अपितु हमारी समृद्ध सांस्कृतिक और रचनात्मक हेरीटेज को संरक्षित करने में भी मदद करते हैं।

१० हैंडीक्राफ्ट्स निर्माताओं का एक समूह, जो अपने एक्सपोर्ट कलेक्शन्स के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए जाना जाता है, सुप्रसिद्ध एक्स्पोर्ट प्रमोशन कांउसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) जो कई दशकों से विश्व बाजार में भारत के निर्यात प्रयासों के लिए अग्रणी है, के बैनर के तले प्रदर्शित करेंगे।

हैंडीक्राफ्ट्स मेगा क्लस्टर मिशन (एचएमसीएम) ने लखनऊ के ७ और भुज मेगा क्लस्टर के ७ शिल्पकारों की भागीदारी आयोजित की है। एक तरफ जहां लखनऊ के शिल्पकार विभिन्न प्रकार की चिकनकारी कढ़ाई वाले मेड-अप्स प्रदर्शित करेंगे, वहीं भुज के शिल्पकार होम टेक्सटाइल्स, होम एसेसरीज और हाउसवेयर पर विभिन्न प्रकार के प्रसिद्ध कच्छ कढ़ाई, चमड़े के काम, कलात्मक



मेटल वेयर, बीड क्राफ्ट, रोगन आर्ट आदि का प्रदर्शन करेंगे।

सीओएचएएनडीएस - कांउसिल ऑफ हैंडीक्राफ्ट्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, जो भारत सरकार के टेक्सटाइल्स मनिष्ट्री के अंतर्गत डेवलपमेंट कमीश्नर, (हैंडीक्राफ्ट्स) का एक शीर्ष निकाय है, ऐसे ग्रास-रूट संगठनों, एनजीओज, स्वयं सहायता समूहों और छोटे उद्यमियों को सहायता प्रदान करता है। सीओएचएएनडीएस १० शिल्पकारों और कलाकारों के समूह का प्रबंधन कर रहा है, जिसमें कई शिल्पकार अपने क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार विजेता शामिल हैं।

कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ८ प्रदर्शकों द्वारा अखरोट की लकड़ी पर नक्काशी, क्रेवेल कढ़ाई, कारपेट, चमड़े के सामान और पश्मीना शाल के माध्यम से विविध और प्रसिद्ध कश्मीरी कढ़ाई और शिल्प द्वारा एचजीएच इंडिया २०१८ में नये




आयाम जोड़ने जा रहा है।

उत्तराखंड क्राफ्ट्स को उद्योग निदेशालय द्वारा अपने स्वयं के बूथ के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है।

नेशनल जूट बोर्ड जूट सेक्टर में भागीदारी का प्रबंधन कर रहा है। एचजीएच इंडिया में प्रदर्शन के लिए कई संस्थानों द्वारा की गई पहलों का समर्थन डेवलपमेंट कमीश्नर, हैंडीक्राफ्ट्स, मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है।

मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई के तहत क्वायर बोर्ड ७ क्वायर उत्पाद निर्माताओं के एक समूह को ला रहा है, जिसमें क्वायर उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला, जिसमें डोर मैट, मैट्रेसेज, वॉल हैंगिंग आदि



शामिल हैं।

एनएससीआई के माध्यम से मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई एचजीएच इंडिया २०१८ में योग्य लघु निर्माताओं को राष्ट्रीय बाजार में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए सहायता प्रदान कर रहा है।

ये प्रयास सामूहिक रूप से रचनात्मक हैंडीक्राफ्ट्स, कारपेट्स, हैण्ड वूवन, एथनिक और अन्य उत्पादों की विस्तृत विविधता को रिटेलर तक लाएगा। वे एक ही जगह पर देश भर के विविध उत्पादों को प्राप्त कर सकते हैं। प्रदर्शकों के परिप्रेक्ष्य से यह देश के ४७५ शहरों और कस्बों के रिटेलर्स के साथ ३ दिनों तक व्यापार करने का एक अनूठा अवसर है।


## ट्रेंड्स २०१८-१९

## ट्रेंड्स पविलियन के अंदर ऑडियो गाइडेड टूर



आगंतुक हॉल १ में ट्रेंड्स पविलियन में एक मुफ्त ऑडियो गाइडेड ट्रेंड्स टूर का लाभ उठा सकते हैं। ट्रेंड्स टीम द्वारा आपको एक फ्री हेडफ़ोन प्रदान किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक ट्रेंड्स के लिए प्री-रिकॉर्डेड विवरण शामिल होगा। प्रत्येक ट्रेंड थीम को देखते समय आप हेडफोन पहनकर ऑडियो सुन सकते हैं और आसानी से डिस्प्ले और दृश्यों को ऑडियो विवरण के साथ जोड़ सकते हैं।

एचजीएच इंडिया ट्रेंड टीम द्वारा इस मुफ्त सुविधा का लाभ उठाकर ट्रेंड्स को बेहतर ढंग से समझें और अपने बिजनेस के




लिए उपयोग में लें।

#ट्रांजिशन के समग्र थीम के अन्तर्गत, ट्रेंड्स २०१८-१९ को चार सब-थीम्स में विभाजित किया गया है: १. #सो.फंकीएटहोम २. #सॉफ्ट शेड्स ऑफ़ नेचर ३. #कलेक्टर्स चैम्बर ४. #स्मार्ट बोहमियंस

# आगंतुकों के लिए सुविधाएँ

एचजीएच इंडिया २०१८ में आगंतुकों और प्रदर्शकों की आरामदायक और सुविधाजनक विजिट तथा रहने के लिए आयोजकों ने कई सुविधाओं का निर्माण किया है जिनका उपयोग ट्रेड शो के पूर्व और इस दौरान किया जा सकता है। सभी पंजीकृत प्रदर्शक और आगंतुक इन सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं, जिसमें बहुत सारी सेवाएँ मुफ्त होंगी।

## मुफ्त शटल बस सेवा

प्रदर्शकों और आगंतुकों की सुविधा के लिए, एचजीएच इंडिया ने ट्रेड शो स्थल और मुंबई शहर में महत्वपूर्ण प्रवेश और निकास बिंदुओं के साथ-साथ नजदीकी रेलवे स्टेशनों के बीच मुफ्त शटल बस सेवाओं की व्यवस्था की है। इनमें घरेलू हवाई अड्डों और प्रमुख रेलवे स्टेशन जैसे सीएसएमटी (मुंबई वीटी), मुंबई सेंट्रल, बोरिवली (ई), गोरेगांव (ई), राम मंदिर (ई), अंधेरी (ई) और दादर (ई) शामिल हैं। शटल बस विभिन्न होटलों से एचजीएच इंडिया स्थल के लिए भी उपलब्ध होगी।

अपडेटेड शेड्यूल और ड्रॉप पॉइंट्स का विवरण शो के वेबसाइट http://www.hghindia.com पर विजिटर्स या एग्ज़ीबीटर्स मेनू में प्राप्त किया जा सकता है। आप इन दोनों में उप-मेनू "जनरल फैसिलिटीज" और "रीचिंग द वैन्यू" पाएंगे, इनके नीचे का आइटम शटल बस चेक करें। सूचना सहायता केन्द्र, बसों के अंदर और बोर्डिंग प्वाइंट्स पर भी शेड्यूल मिल सकता है।

## रेस्टोरेंट्स / कैफेटेरिया

ट्रेड शो के दौरान आयोजकों द्वारा मुफ्त पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बॉम्बे एक्ज़ीबिशन सेन्टर में स्थित कैफेटेरिया और रेस्तरां से भी पेयजल खरीदा जा सकता है।

ट्रेड शो के दिनों यानी ३-५ जुलाई, २०१८ के दौरान, हॉल १, हॉल २ और हॉल ३ के निकट कई स्थानों पर फूड कोर्ट, रेस्तरां और कैफेटेरिया उपलब्ध होंगे। हॉल १ की एंट्री के फ्रंट में (ग्रांड के पास) एक आउटडोर कैफेटेरिया ऑर्चाड होगा। सभी प्रदर्शकों, व्यापार आगंतुकों और वीआईपी के लिए आयोजकों द्वारा स्थापित विशेष लाउंज आतिथ्य और पेय पदार्थ भी प्रदान करेंगे।

## होटल प्रवास

एचजीएच इंडिया ने बॉम्बे एक्जीबिशन सेन्टर के आसपास विभिन्न प्रकार के बिजनेस, लग्जरी और बजट होटलों के साथ कम दरों पर आवास की व्यवस्था की है। इसके लिए हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर "ट्रैवल एंड स्टे" टैब पर क्लिक करें। इस टैब में, एचजीएच इंडिया २०१८ के पंजीकृत प्रदर्शकों और आगंतुकों को अपनी लॉग-इन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके होटल लॉग-इन, स्टार रेटिंग, उपलब्धता, कीमतें, पेश की जाने वाली सेवाएँ, स्थल से दूरी जैसी सभी जानकारियाँ मिल सकती हैं।

सहायता के लिए आप नारायण हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज, चंद्र सक्सरिया, मोबाइल: +९१ ७० ५८९ ४४४४४ या गणेश श्रीपति, मोबाइल: +९१ ८४ २२८ ००८४५ से संपर्क कर सकते हैं।

## यात्रा सेवाएँ

एचजीएच इंडिया का आधिकारिक ट्रैवल एजेंट, नारायण हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए यात्रा सेवाओं की विस्तृत शृंखला प्रदान करता है। इसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई टिकट, टैक्सी सुविधा, होटल बुकिंग और भारत के सभी स्थानों के लिए पैकेज टूर शामिल हैं। वे मुंबई शहर और आसपास के लिए शॉर्ट टूर पैकेज भी ऑफर करते हैं। आप हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर "ट्रैवल एंड स्टे" टैब पर क्लिक करके ट्रैवल एजेंट से जुड़ सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के तुरंत बाद आपको इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए अपने यूजर नेम और पासवर्ड को इनपुट करना होगा, जो आपको ई-मेल और आपके मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगा।

एचजीएच इंडिया के हॉल १ में आधिकारिक ट्रैवल एजेंट, नारायण हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज द्वारा संचालित एक ट्रैवल डेस्क भी होगा, जहां प्रदर्शक और आगंतुक ३ जुलाई, २०१८ से यात्रा संबंधी सभी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

असुविधा से बचने के लिए, सलाह दी जाती है कि आप अपने होटल और अपनी यात्रा संबंधी व्यवस्थाएँ पहले से ही बुक कर लें।

## पार्किंग

पे और पार्क के आधार पर बॉम्बे एक्जीबिशन सेन्टर में आगंतुकों की कार पार्किंग के लिए अलग क्षेत्र आरक्षित किया गया है। इन क्षेत्रों में प्रवेश बॉम्बे एक्जीबिशन सेन्टर के गेट १ और गेट २ से होगा। यह सुविधा बॉम्बे एक्जीबिशन सेन्टर द्वारा प्रबंधित की जाती है। ट्रेड शो के विजिट समय के दौरान कारों के लिए पार्किंग शुल्क १००/- प्रति दिन प्रति प्रवेश होगा। विजिटर पार्किंग क्षेत्र में माल वाहनों को पार्क करने की अनुमति नहीं है। बॉम्बे एक्जीबिशन सेन्टर के अंदर आगंतुकों के लिए कोई निःशुल्क पार्किंग संभव नहीं होगी।

## लेफ्ट लगेज

आगंतुकों और प्रदर्शकों की सुविधा के लिए एचजीएच इंडिया ने हॉल १ और हॉल ३ में विजिटर रजिस्ट्रेशन के पास लेफ्ट लगेज काउन्टर बनाया। आगंतुक और प्रदर्शक ट्रेड शो के दौरान (३-५ जुलाई, २०१८) सुबह ९:०० बजे से शाम ०७:३० बजे तक इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

## छाता सेवा

मानसून के मौसम को ध्यान में रखते हुए, हॉल १, हॉल २ और हॉल ३ के अंदर प्रवेश द्वार के पास एक अम्ब्रेला सर्विस डेस्क बनाया गया है। यह प्रदर्शकों और आगंतुकों को ट्रेड शो की यात्रा के दौरान आपके छातों को रखने की सुविधा प्रदान करेगा। आगंतुक टोकन लेकर अपने छाते रख सकते हैं और उन्हें वापसी के समय टोकन दिखाकर वापस ले सकते हैं। यह सुविधा व्यापार शो के दिनों (३-५ जुलाई, २०१८) के दौरान सुबह ९:०० बजे से शाम ०७:३० बजे तक निःशुल्क है।

## व्यापार केन्द्र

हॉल १ के अंदर एक बिजनेस सेंटर बनाया गया है जहां प्रदर्शक और आगंतुक कंप्यूटर, इंटरनेट, डाक्यूमेंट प्रिंटिंग, बिजनेस कार्ड प्रिंटिंग, स्कैनिंग, फैक्स और स्टेशनरी की खरीद जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

ये सेवाएं ट्रेड शो के दिनों (३-५ जुलाई) के दौरान ०९:०० बजे से ०६:३० बजे तक भुगतान के आधार पर उपलब्ध होंगी।

## कूरियर सेवाएँ

प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए कूरियर सेवाएँ हॉल १ में विज़िटर रजिस्ट्रेशन डेस्क के पास सेवा क्षेत्र में स्थित होंगी। आप कूरियर डेस्क के माध्यम से कूरियर पैकेट भेज अथवा प्राप्त कर सकते हैं।

## चिकित्सा सेवाएँ

## (प्राथमिक चिकित्सा)

आगंतुकों और प्रदर्शकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को उचित महत्त्व देकर एचजीएच इंडिया ने प्राथमिक चिकित्सा और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की है। इसे "फर्स्ट एड" के रूप में चिह्नित किया गया है और यह हॉल १ में विज़िटर रजिस्ट्रेशन क्षेत्र के पास स्थित होगा। एम्बुलेंस सुविधा ट्रेड शो के दिनों के दौरान हर समय हॉल १ के बाहर उपलब्ध होगी।

किसी भी आपातकालीन चिकित्सा के लिए कृपया सुश्री रेशमा, मोबाइल: +९१ ९८ २० २८७६३१ से संपर्क करें।

## प्रार्थना कक्ष

उन आगंतुकों और प्रदर्शकों के लिए, जो ३-५ जुलाई, २०१८ में ट्रेड शो के दौरान धार्मिक प्रार्थनाएँ करना चाहते हैं, उनके लिए हॉल १ और हॉल ३ के भीतर प्रार्थना कक्ष बनाये गए हैं। सही स्थान साइनेज या हॉल में स्थित सूचना डेस्क से मालूम किया जा सकता है।

जुलाई ३-५, २०१८ बॉम्बे एक्जीबिशन सेन्टर, गोरेगांव (ई), मुंबई

## दिग्गजों की टिप्पणियाँ



**डॉ. कविता गुप्ता,**
आईएएस, वस्त्र आयुक्त,
भारत सरकार

**उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उद्गार:** "मुझे लगता है कि एचजीएच इंडिया घरेलू वस्त्र, गृह सज्जा, घर के सामान और उपहार उद्योगों के लिए बहुआयामी कार्य कर रहा है। इस व्यापार मेले में एक अलग तरह की वृद्धि देखने को मिल रही है और मैं यहाँ पूरे वातावरण में उच्च चमक और उछाल देख सकती हूँ। पाँच सौ शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड यहाँ सुसज्जित बूथ के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि व्यापारिक ग्राहक भी प्रदर्शित उत्पादों की नवीन और व्यापक श्रृंखला से प्रभावित होंगे।"



**महामहिम श्री अर्डल सबरी एरजेन,**
तुर्की के महा वाणिज्यिक राजदूत,

**मानद अतिथि के रूप में :** "एचजीएच इंडिया एक बहुत ही व्यवस्थित कार्यक्रम है। हमारे तुर्की की सोलह कंपनियां यहाँ गृहोपयोगी वस्तुओं की श्रेणी प्रदर्शित कर रही हैं क्योंकि भारत तुर्क उद्योग के लिए बाजार के रूप में बहुत अधिक संभावना प्रदान करता है। हमने देखा है कि एचजीएच इंडिया में एक बहुत ही प्रभावशाली घरेलू वस्त्र अनुभाग है। हमारे इस बार के अनुभव के आधार पर हम अगले एचजीएच इंडिया में घरेलू वस्त्रों के साथ-साथ गृहोपयोगी वस्तुओं और गृह-सज्जा के उत्पादों को लेकर बड़ी उपस्थिति का प्रस्ताव रखते हैं।"

## प्रदर्शनकर्ताओं की टिप्पणियाँ




**दीपाली गोयनका,**
प्रबंध निदेशक,
वेलस्पन ग्लोबल ब्रांड्स लिमिटेड

"एचजीएच इंडिया आज की तारीख में उद्योग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि हमने एचजीएच इंडिया २०१७ में शरद/शीतकालीन मौसम के लिए हमारे नये स्पेसेस लोगो और नये संग्रह को लॉन्च करने का निर्णय लिया था। यह व्यापार प्रदर्शनी हमारी मार्केटिंग प्रक्रिया का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है और साथ ही स्पेसेस के वार्षिक कैलेंडर पर यह एक महत्वपूर्ण घटना भी बन गई है।"



**महावीर प्रताप शर्मा,**
चेयरमैन,
कालीन निर्यात संवर्धन परिषद

"सभी भारतीय कार्पेट निर्यातकों को भारत में भी उपलब्ध बाजार को देखना है। जब से हम भाग ले रहे हैं, तब से हमारे सदस्यों को मिलने वाली प्रतिक्रियाएँ हर साल तेजी से बढ़ रही हैं। भारत में खुदरा उपभोक्ता बाजार का भविष्य बड़ा है और एचजीएच इंडिया ने हमें इसके साथ जोड़ने की दिशा में बहुत अच्छा काम किया है। इसने खुद के लिए एक जगह बनाई है जहाँ सभी उत्पादों को खुदरा विक्रेताओं को आपूर्ति (स्रोत) के लिए प्रदर्शित किया जाता है।"



**विजय अग्रवाल,**
अध्यक्ष, पोर्टिको:

"हरबार जब मैं यहाँ आता हूँ, तो यह मुझे आश्चर्यचकित करता है। मैं अक्सर विदेश जाया करता था तथा वहाँ के मेले देखा करता था और मैं हमेशा सोचा करता था कि भारत में भी इस स्तर के अंतर्राष्ट्रीय मेलों का आयोजन हो सकता है। अब मैं कह सकता हूँ, एचजीएच इंडिया एक ऐसा ही आयोजन है। हमें यहाँ उपस्थित होने पर बहुत गर्व है। हमारा मानना है कि यह देश में एक ऐसा 'व्यापार शो' है जहाँ हम वास्तव में व्यापार के लिए अपने ब्रांड को बढ़ावा दे सकते है।"



**रामचंद्र शास्त्री,**
निदेशक, रूमर्स

"यह पहली बार है जब रूमर्स एचजीएच इंडिया में आई है। यह हमारे लिए एक अच्छा अनुभव रहा है। मैं एचजीएच इंडिया में रूमर्स को लाकर वाकई खुश हूँ। ग्राहकों की आवक बहुत प्रभावशाली है। मौजूदा ग्राहकों के साथ-साथ बहुत से लोग नए ग्राहक के रूप में भी आते है।"



**देवांग दलाल,**
निदेशक, बियांका

"हम एचजीएच इंडिया के २०१२ में सम्पन्न पहले संस्करण से ही प्रदर्शन करते आ रहे हैं। हमने वास्तव में इस व्यापार शो के सालाना विकास को देखा है। जैसे-जैसे एचजीएच इंडिया ने विकास किया है, हम भी इसके साथ बढ़े हैं। हमारे पास एक शानदार अनुभव है क्योंकि हमने भारत भर में मौजूद कई डीलरों, वितरकों, थोक विक्रेताओं से मुलाकात की है जो हमारे व्यापार के लिए भी बहुत फायदेमंद रहा है।"



**इकबाल परवेज,**
परामर्शदाता,
एडवांस मार्केटिंग जीएमबीएच

"हम पिछले तीन-चार सालों से यहाँ आ रहे हैं और हर बार हम आगंतुकों की संख्या और उनके उच्च प्रोफाइल से आश्चर्यचकित हुए हैं। यहाँ हमें कुछ दिलचस्प लोगों और अंतर्राष्ट्रीय खुदरा विक्रेताओं का पता चल जाता है। एचजीएच इंडिया के बारे में अच्छी बात यह है कि यह पूरे भारत से अनेकों खुदरा विक्रेताओं को हमारे पास लाता है जो थोड़े छोटे हैं और जिन्हें ब्रांडों से मिलने के लिए मंच नहीं मिला.



**संदीप तम्हाने,**
जोनल सेल्स मैनेजर,
टीटीके प्रेस्टिज

"यह पहली बार है जब हमने एचजीएच इंडिया में प्रदर्शन किया और प्रतिक्रिया को देखने के बाद दंग रह गए। न केवल हमारे नियमित डीलरों, बल्कि पूरे भारत के कई उच्च श्रेणी के डीलरों ने भी यहाँ का दौरा किया। हमने अपने बूथ पर कुछ अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों से भी मुलाकात की। प्रतिक्रियाओं के आधार पर, हम उम्मीद करते हैं कि इस व्यापार शो का हमारे व्यापार पर अच्छा और सकारात्मक असर होगा। यह प्रेस्टिज जैसे अच्छी तरह से स्थापित ब्रांडों के लिए भी एक शानदार मंच है।



**अनिल शर्मा,**
बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर,
क्ले क्राफ्ट

"यह हमारे लिए एक बहुत अच्छा मंच है। हमें बहुत अच्छा व्यवसाय मिल रहा है। एचजीएच इंडिया हमारी बिक्री को बढ़ा रहा है। हम होटल चलाने वालों और रेस्तरां से काफी व्यवसाय प्राप्त कर रहे हैं। शानदार शो!"

## दर्शकों की टिप्पणियाँ



**गोविंद श्रीखंडे**
प्रबंध निदेशक,
शॉपर्स स्टॉप

"भारत में एक श्रेणी के रूप में घर की सोच बहुत बढ़ रही है। चूंकि उपभोक्तागण अपने घरों को अधिक आरामदायक बनाने के महत्व को समझते हैं, इसलिए भारतीय गृह-वस्तु का व्यापार भी तेजी से विकसित हो रहा है। ब्रांड उपभोक्ताओं के समक्ष अधिकाधिक कदम उठा रहे हैं। हम अपने स्टोर में आने वाली कई नई श्रेणियों को रखने में सफल हो पाएंगे जो हमें एचजीएच इंडिया में मिलती है।"



**अजय तलवार,**
मैक्स हाइपर मार्केट के बाइंग और मर्केंडाइजिंग सहायक उपाध्यक्ष,
(गैर खाद्य)

"मैं पिछले चार-पाँच सालों से एचजीएच इंडिया में आ रहा हूँ और यह समय के साथ बढ़ता जा रहा है। हम नये आपूर्तिकर्ता और नई वस्तु भी प्राप्त कर रहे हैं, जिनकी हमें हमेशा तलाश रहती है। यह हाउसवेयर के लिए भारत में सबसे बड़े मेलों में से एक है। हम यहाँ एक ही स्थान पर अधिकांश आपूर्तिकर्ताओं से मिलने और उनके संपर्क में आने में सक्षम है।"



**भरत हरिया,**
महावीर स्टोर के मालिक

"मैं अनेकों यूरोपीय व्यापार प्रदर्शनियों की यात्रा करता रहा हूँ। और मैं एचजीएच इंडिया को भी उतना ही अच्छा देखता हूँ। यहाँ का वातावरण और यहाँ के प्रदर्शक सभी मेरी रुचि के अनुसार उच्च स्तर के हैं। इसलिए मैं तीनों दिन के लिए यहाँ अपना एक ठिकाना बना देता हूँ। यह सचमुच अच्छा है। यहाँ, मैं एक ही बार में सभी वस्तुओं को प्राप्त कर सकता हूँ। उत्कृष्ट शो!"



**सिमोन रॉसी,**
बिक्री निदेशक (एशिया प्रशांत),
एलेसी एस. पी. ए. के

"यह एक महान शो है। यह अच्छा और अच्छी तरह से विभाजित है जहाँ आप स्पष्ट रूप से समझ जाते हैं कि कहाँ जाना है और आप क्या खोज रहे हैं। इसका लक्ष्य भारतीय बाजार है। यही वह चीज है जो हम भविष्य में खोजने वाले हैं। एचजीएच का हिस्सा बनने और भारतीय उपभोक्ता के लिए एक बड़ा ब्रांड बनने का यह एक शानदार अवसर होगा। घर के लिए एक जुनून होता है और मैंने अपने विकास और हमारी रचनात्मक टीम के लिए बहुत सारे रंग और अच्छे जलवे देखे हैं। निश्चित रूप से, भारत एक बड़ी प्रेरणा है।"